**दिनांक–06.01.2026 को मुख्य अभियंता(उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में Construction of Block cum Circle Office cum Residential Complex at Kiratpur Block in Darbhanga District (Including Fire Fighting + Furniture + Electrical Works) (Re-Tender) कार्य के लिए आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही:–**

---

**उपस्थितिः–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **ई० रामाज्ञा कुमार,**<br>मुख्य अभियंता(उत्तर),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | – | अध्यक्ष |
| (ii) | **ई० विजय कुमार**<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, दरभंगा। | – | सदस्य |
| (iii) | **ई० रविन्द्र कुमार रवि,**<br>कार्यपालक अभियंता,<br>संरचना प्रमंडल, दरभंगा। | – | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | **Construction of Block cum Circle Office cum Residential Complex at Kiratpur Block in Darbhanga District (Including Fire Fighting+Furniture+Electrical Works)** (Re-Tender) |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹30,74,17,000/– (ग्रामीण विकास विभाग, बिहार का ज्ञापांक–3556556, दि0–10.01.2025) |
| 3. | योजना की समेकित तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि | – | ₹31,81,58,654/– (मुख्य अभियंता (नि0) का पत्रांक 1142 (नि0) अनु0 दिनांक–13.07.2025 एवं मुख्य विधुत अभियंता का ज्ञापांक–731(वि0) दिनांक–01.07.2025) |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹30,74,88,277/– |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – | 25.09.2025 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 05.11.2025 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 05.11.2025 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | दिनांक 21.10.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 16.10.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 15 (पन्द्रह) माह। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | प्रभात खबर समाचार पत्र दिनांक–30.09.2025 |
| 12. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | 016130(भवन)/2025-26 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – | **i)** M/S KUWAR CONSTRUCTION (PROP.- ABHIMANYU KUWAR). DHARBHANGA- 846001<br>**ii)** RAMESH KUMAR, NEAR M.S. COLLEGE MOTIHARI, EAST CHAMPARAN-845401 |

14. **प्रथम बार आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

दिनांक-11.09.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में भाग लिये दो निविदाकारों में से एकमात्र निविदाकार "ASHOK KUMAR, PATLIPUTRA COLONY, PATNA, BIHAR-800013" को तकनीकी बीड में **'सफल'** होने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0-7806, दिनांक-30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा'** करने का निर्णय लिया गया।

15. **वर्त्तमान में (द्वितीय बार) आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में दो निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। उक्त सभी निविदाकारों के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा का पत्रांक-1460 दिनांक-12.11.2025 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दोनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों की जाँच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले सभी निविदाकारों द्वारा समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मुल्यांकनोपरांत/ जाँचोपरान्त पाया किः-

(i) प्रथम निविदाकार M/S KUWAR CONSTRUCTION (PROP-ABHIMANYU KUWAR), BARHETA. DHARBHANGA- 846001 है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में **''रिस्पॉन्सिव''** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **''सफल''** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(ii) द्वितीय निविदाकार RAMESH KUMAR, NEAR M.S, COLLEGE, MOTIHARI, EAST CHAMPARAN-845401 है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि इनके द्वारा अपलोड किये गये बैंक गारंटी की वैद्यता की अवधि कंडिका-16.1(d) के अन्तर्गत मांगी गयी 120+45 दिन के विरुद्ध 120+30 दिन ही पाया गया। अतः इन्हें **''नॉन-रिस्पॉन्सिव''** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **''असफल''** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

16. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में **भाग लिये दो निविदाकारों में से एकमात्र निविदाकार** (i) "M/S KUWAR CONSTRUCTION (PROP-ABHIMANYU KUWAR), BARHETA. DHARBHANGA- 846001" को तकनीकी बीड में **'सफल'** एवं **अन्य एक निविदाकार** (i) "RAMESH KUMAR, NEAR M.S, COLLEGE, MOTIHARI, EAST CHAMPARAN-845401" को **'असफल'** घोषित करते हुए इस कार्यवाही को दिनांक-12.01.2026 के पूर्वाहन 10.00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर रखने का निर्णय लिया गया। यदि तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय पर किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त होती है तो विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में मुख्य अभियंता (उत्तर) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर प्राप्त परिवाद पर विचार करते हुए अपनी अनुशंसा के साथ विभागीय निविदा समिति के समक्ष परिवाद के निष्पादन हेतु उपस्थापित करेंगे। यदि उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नही होती है तो मुख्य अभियंता (उत्तर) तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलकर अग्रेत्तर कार्रवाई करेंगे।

17. इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 06/01/26 | 06/01/26 | 6.1.26 |
| (रविन्द्र कुमार रवि) | (विजय कुमार) | (रामाज्ञा कुमार) |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता(उत्तर), |
| संरचना प्रमंडल, दरभंगा। | भवन अंचल, दरभंगा। | भवन निर्माण विभाग, पटना। |

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**

**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

**ज्ञापांकः**–भ0उ0वि0/यो0(दर0)–103/2025 149 पटना, दिनांकः– 06/1/2026

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

6.1.26

मुख्य अभियंता (उत्तर)।